मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय
कार्मिक शाखा, भर्ती अनुभाग
सोलापुर मंडल
दिनांक:- 08.01.2024

संख्या:सोला/का/भर्ती/RRB/NTPC/01-2019/SM

विषय:- दक्षिण पश्चिम रेल द्वारा CEN 01/2019 (NTPC) के अधीन,चयनित होने के पश्चात् तथा मध्य रेल पर पैनल डायवर्ट होने के बाद सोलापुर मंडल पर तृतीय श्रेणी, परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर , परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर वेतनमान ₹ 35400/-लेवल-6 में नियुक्ति-पत्र|

संदर्भ:-P/CR/HQ/REC/110/4/T/, Dated – 01.01.2024.

To,

| Sr. No. | Roll No. | Name of the Candidate/ Shri | Father name/Shri | DOB |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 141195140277020 | Mahesh B. Kumbar | Basavaraj Kumbar | 05.03.1996 |
| 2 | 141195140489334 | Nagraj Irappa Dayannavar | Irappa | 06.04.1996 |

उपर्युक्त के संदर्भ में रोजगार सूचना संख्या 01/2019(NTPC), की प्रतिक्रिया में और APO (RRC), मध्य रेल, मुंबई कार्यालय के माध्यम से रेलवे भर्ती बोर्ड/मुंबई द्वारा सिफारिश किए जाने पर आपको परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master) के पद पर निर्धारित वेतनमान ₹ 35400/-(लेवल-6) प्रतिमाह में नियमों के अधीन समय-समय पर अनुमेय महंभाई भत्ते पर पूर्णत: अस्थायी तौर से आपकी नियुक्ति पर विचार किया जायेगा|

अत: आपको सूचित किया जाता है कि भर्ती से संबंधित अगली औपचारिकताएं पूरी करने के लिए आप दिनांक 15.01.2024 को 09.30 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (कार्मिक/ भर्ती अनुभाग), सोलापुर में कार्यालयीन कामकाज के दिन उपस्थित रहें|

1} आपकी नियुक्ति का प्रस्ताव नीचे निर्धारित शर्तों की स्वीकृति के अधीन रहेगा –

(क) आपकी नियुक्ति केवल अस्थायी आधार पर है और वर्तमान नियमों/प्रावधानों द्वारा शासित होगी तथा आपको ऐसी नियुक्ति के लिए निर्धारित पात्रता की शर्तें पूरी करनी होगी|

(ख) i) आते समय आपको अपने साथ मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्र, जन्म तारीख के सबूत और स्कूल छोड़ने के प्रमाण-पत्र तथा अन्य प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां लानी होगी और आपको अपनी शैक्षणिक तथा अन्य प्रमाण-पत्रों की दो प्रतियां साक्ष्यांकित करके फाइल में लाना होगा |

Cont…2

08/01/2024

सहायक कार्मिक अधिकारी
Assistant Personnel Officer
मध्य रेल, सोलापुर
Central Railway, Solapur.

Scanned with CamScanner

विषय:- दक्षिण पश्चिम रेल द्वारा CEN 01/2019 (NTPC) के अधीन,चयनित होने के पश्चात् तथा मध्य रेल पर पैनल डायवर्ट होने के बाद सोलापुर मंडल पर तृतीय श्रेणी, परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर , परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर वेतनमान ₹ 35400/-लेवल-6 में नियुक्ति-पत्र|

संदर्भ:-P/CR/HQ/REC/110/4/T/, Dated – 01.01.2024.

***

(ii) यदि आप अन्य पिछडे वर्ग (ओबीसी) हैं तो आपको अपने जिले के जिला मैजिस्ट्रेट, अपर जिला मैजिस्ट्रेट, जिला अधिकारी, उप आयुक्त, तालुका मैजिस्ट्रेट/तहसीलदार द्वारा हाल ही में जारी निर्धारित प्रोफार्मा में ओबीसी जाति का मूल प्रमाण-पत्र (नॉन-क्रिमिलेयर) प्रस्तुत करना होगा. ऐसा नहीं करने पर आपकी नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा

(iii) आपको यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि आप अनुसूचित जाति (SC) /अनुसूचित जनजाति (ST) /अन्य पिछडे जाति (OBC) के हो तो संलग्न फार्मेट में मूल जाति प्रमाणपत्र लाए | अन्य पिछडी जाति के उम्मीदवार अपनी मूल जाती प्रमाणपत्र और संलग्न फार्मेट के सार सक्षम अधिकारी द्वारा हाल ही में जारी नॉन-क्रिमिलेयर सर्टिफिकेट ले आएं| ऐसा नहीं करने पर आपकी नियुक्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा |

iv) आपको यह सूचित किया जाता है कि, यदि आप मायनोरिटी समुदाय/ईबीसी है तो आपको रु.100/- के नॉन-ज्युडीशियल स्टाम्प पेपर पर आपको 'मायनोरिटी कम्युनिटी डिक्लेरेसन/घोषणा-पत्र /अफिडीवेट' नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा आपकी नियुक्ति पर कोई विचार नहीं होगा|

(ग) आपकी सेवाएं 14 दिन की लिखित सूचना देकर समापन के अधीन होगी।

(घ) आप भारतीय रेल के कर्मचारियों के लिए लागू समय-समय पर प्रचलित नियमों से शासित होंगे और दिनांक 01.01.2004 से शुरू की गई नई पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे |

(च) आपको निष्ठा की शपथ लेनी होगी तथा बहु विवाह से संबंधित घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे और कोई पोलिस केस रहा तो उसका ब्यौरा सूचित करें |

(छ) आप रेलवे बोर्ड के दिनांक 09.03.1949 के पत्र संख्या ई.47/जीईसी/111 में विहित समय-समय पर यथा संशोधित उदारीकृत छुट्टी नियमों से शासित होंगे | और रेलवे बोर्ड के दिनाक 31.08.2015 के पत्र संख्या इ (0)III/2014/PL/05 के अनुसार आप अन्य अंतर रेलवे में स्थानांतरण के लिए पांच साल के बाद ही पात्र होंगे।

(ज) आप संलग्न साक्ष्यांकन फार्म दो प्रतियों में पूरी तरह भरकर अपने साथ लायेंगे तथा साक्ष्यांकन फार्म पर आपके हाल ही में निकाले गए पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकायेंगे | साक्ष्यांकन फार्म पर चिपकाए गए फोटो सरकारी/राजपत्रित अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित होने चाहिए | उसी प्रकार आपको अपने पक्ष में केन्द्र /राज्य सरकार के दो अलग-अलग राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र की दो-दो मूल प्रतियां साथ में लानी होंगी। आपको अपने पासपोर्ट आकार के फोटो की अतिरिक्त प्रतियां लानी होंगी | पीआरएएन फार्म के लिए आपके फोटो 5 प्रतियों फोटो का आकार 3.5 X 2.5 सें.मी. होना चाहिए |

Cont…03

सहायक कार्मिक अधिकारी
Assistant Personnel Officer
मध्य रेल, सोलापुर
Central Railway, Solapur.

Scanned with CamScanner

विषय:- दक्षिण पश्चिम रेल द्वारा CEN 01/2019 (NTPC) के अधीन,चयनित होने के पश्चात् तथा मध्य रेल पर पैनल डायवर्ट होने के बाद सोलापुर मंडल पर तृतीय श्रेणी, परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर , परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर वेतनमान ₹ 35400/-लेवल-6 में नियुक्ति-पत्र|

संदर्भ:-P/CR/HQ/REC/110/4/T/, Dated – 01.01.2024.

***

2. आपकी तैनाती मध्य रेल के किसी भी स्टेशन पर की जाएगी। नियुक्ति का प्रस्ताव स्वीकार करने का अंतिम निर्णय लेने से पहले आप निम्नलिखित प्वाइंट भी नोट करें | आपको नियुक्ति के समय अपना बैंक खाता नंबर, बैंक का पता, पैन कार्ड तथा आपको अपना आधार कार्ड एवं पूरे परिवार का आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा और प्रारंभिक नियुक्ति के समय पीआरएएन फार्म भरना होगा. तथा रेल्वे बोर्ड के पत्र स. Railway Board Lr.No.99/E(RRB)/25/12dtd 25.05.2009.RBE No.90/2009. के अनुसार आपको चिकित्सा परीक्षा में अनुतीर्ण होने पर कोई भी अन्य पद नही मिलेगा इसलिये रोजगार समाचार देखे |

(क) यद्यपि आपकी प्रारंभिक तैनाती सोलापुर मंडल पर की गई है| जहां सामान्यत: आपकी अगली पदोन्नति होगी, तथा सेवा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपको मध्य रेल पर किसी भी स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है |

(ख) यदि आप सरकारी/अर्ध-सरकारी सेवा में हैं तो आपको अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' लाना होगा और यदि आपका 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' गलत पाया गया तो नियुक्ति पर आपका विचार नहीं किया जाएगा | और आपके पास Pran No. है या नहीं इस बाबत घोषणा-पत्र देना होगा| आपको अपने पुर्व नियोक्ता से इस्तीफा/तकनीकी इस्तीफा की स्विकृती की मुल प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। अगर आप इस्तीफा/तकनीकी इस्तीफा की स्विकृती मुल प्रति प्रस्तुत करने में असमर्थ रहते है, तो आपकी नियुक्ती पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(ग)i) नियुक्ति के पश्चात् आपको प्रादेशिक सेना के रेलवे आपरेटिंग यूनिट में 08 वर्ष तक अथवा इसके लिए समय समय पर निर्धारित अवधि तक सेवा करनी होगी |

ii) नियुक्ति के पश्चात आपको आपके पद की नियुक्ती हेतू प्रारर्भिक प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तदनुसार अगली तैनाती सोलापुर मंडल पर होगी।

(घ) i) आपको रेल प्रशासन के अनुशासन और आचरण नियमों के सभी सामान्य नियमों एवं विनियमों का पालन करना होगा और आपको अनुबंध पत्र एवं क्षतिपूर्ती का दोष-पत्र भर कर लाना होगा | तथा क्षतिपूर्ती का दोष-पत्र पर लेवल-7 (GP-4600) या उससे ऊपर के कर्मचारियों का हस्ताक्षर तथा उनके कार्यालय की मोहर एंव उनका पे-स्लीप भी लाना होगा |

ii) क्षतिपूर्ती के दोष-पत्र तथा अनुबंध-पत्र पर ₹ 20/- का franking Stamp/Special Adasive Stamp लगवाना अनिवार्य है, जोकि किसी भी अधिकृत बैंक द्वारा करायी जा सकती है| (अथवा 100/- रुपये के नॉन ज्युडीशियल स्टॉम्प पर नोटरी करनी होगी) |

Cont...4

सहायक कार्मिक अधिकारी
Assistant Personnel Officer
मध्य रेल, सोलापुर
Central Railway, Solapur

Scanned with CamScanner

विषय:- दक्षिण पश्चिम रेल द्वारा CEN 01/2019 (NTPC) के अधीन,चयनित होने के पश्चात् तथा मध्य रेल पर पैनल डायवर्ट होने के बाद सोलापुर मंडल पर तृतीय श्रेणी, परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर , परिचालन विभाग में स्टेशन प्रबंधक (Station Master), के पद पर वेतनमान ₹ 35400/-लेवल-6 में नियुक्ति-पत्र।

संदर्भ:-P/CR/HQ/REC/110/4/T/, Dated – 01.01.2024.

***

(च) आप संबंधित रेल प्रशासन के नियंत्रण और अनुशासन में रहेंगे। आपकी नियुक्ति अनन्तिम होगी, बशर्ते कि इस कार्यालय द्वारा किए जाने वाले सत्यापन के दौरान आपके दस्तावेज सही पाए जाते हों।

3. कृपया नोट करें कि यदि आप अपने आवेदन में उल्लेखित दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं लाते हैं तो नियुक्ति के लिए आपका विचार नहीं किया जाएगा। यह भी नोट करें कि, नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान आपको प्रक्रिया पूरी होने तक सोलापुर में ठहरना होगा. इसके लिए आपको स्वयं व्यवस्था करनी होगी. रेलवे प्रशासन द्वारा ठहरने की सुविधा नहीं दी जाएगी.

4. आपको अपने स्वंय के पक्ष में पुलिस वेरिफिकेशन करवा कर लाना अनिवार्य है।

संलग्नक/-(1) साक्ष्यांकन फार्म 2 प्रतियों में. (सभी पृष्ठ)

(2) अन्य सलग्न

(3) उपरोक्त एंव अतिरिक्त दस्तावेज/कागजात आपके ई-मेल पर भेजे गये है। अत: आपसे अनुरोध हैं कि उक्त दस्तावेज/कागजात को आपने ई-मेल से डाउनलोड करके भरे।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक), सोलापुर

सहायक कार्मिक अधिकारी
Assistant Personnel Officer
मध्य रेल, सोलापुर
Central Railway, Solapur.

Scanned with CamScanner